# 106 केंद्रों पर होगी उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा, 17 केंद्र संवेदनशील की श्रेणी में

**परीक्षा**

**8 मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दिए**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा के लिए जनपद में 106 केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 17 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जीआईसी गोपेश्वर में परिषदीय परीक्षा केन्द्र निर्धारण समिति की बैठक लेते हुए सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों मे मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, परीक्षा कक्षों में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्रतिबंधित करने, परीक्षा से पूर्व सभी बीईओ को अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक विद्यालय का स्वयं निरीक्षण करने और जहां कोई कमी है उसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा के दौरान कोई व्यवधान या समस्या आने पर वहां के एसडीएम और उन्हें अवगत कराने को कहा। बैठक में परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक परिस्थितियों एवं मानकों पर गहनता से चर्चा की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों में बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने बताया कि परीक्षा में 9152 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। हाईस्कूल में 2563 छात्र तथा 2479 छात्राओं सहित कुल 5042 परीक्षार्थी शामिल होंगे, वही इण्टरमीडिएट परीक्षा में 1919 छात्र तथा 2191 छात्राओं सहित कुल 4110 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं 27 फरवरी से 16 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस बार विकासखण्ड जोशीमठ में आठ, दशोली में 17, नन्दानगर में 10, पोखरी में सात, कर्णप्रयाग में 16, गैरसैंण में 17, नारायणबगड़ में 11, थराली में 11 तथा देवाल में नौ परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

# बीएल संतोष पांच प्रमुख अभियानों को लेकर मुख्यालय में ले रहे हैं बैठक

**बैठकें**

**8 बलवीर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय में बीएल संतोष की मौजूदगी में बैठकें चल रही हैं**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संगठन के प्रदेश में संचालित पांच प्रमुख अभियानों को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे हैं।
सुबह से बलवीर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय में बीएल संतोष की मौजूदगी में बैठकें चल रही हैं। प्रदेश प्रभारी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम प्रदेश अध्यक्ष और निर्वाचित राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य राम कोठारी भी उपस्थित हैं। बैठक में गांव चलो अभियान, दीवार लेखन अभियान, महिला सहायता समूह और गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान, पार्टी जॉइनिंग अभियान व लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक, सह संयोजक शामिल हैं।
राष्ट्रीय संगठन महामंत्री का यह दौरा आगामी लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।
भाजपा राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर दो बार से लगातार जीत दर्ज करती आ रही है। इसे बरकरार रखने के साथ ही बड़े अंतर से जीत का हैट्रिक की तैयारी में है। भाजपा हर लोकसभा सीट पर पांच लाख वोटों से जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है।

## शायर दर्द गढ़वाली के गजल संग्रह 'इश्क-मुहब्बत जारी रक्खो' का लोकार्पण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पत्रकार और शायर लक्ष्मी प्रसाद बड़ोनी 'दर्द गढ़वाली' के गजल संग्रह 'इश्क-मुहब्बत जारी रक्खो' का गुरुवार को परेड ग्राउंड स्थित दून लाइब्रेरी में लोकार्पण किया गया।
मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर रवि पाराशर, कार्यक्रम अध्यक्ष इकबाल आजर, विशिष्ट अतिथि शादाब मशहदी, कुंवर गजेंद्र सिंह गरल, अमजद खान अमजद और मीरा नवेली ने संयुक्त रूप से गजल संग्रह का लोकार्पण किया।
दिल्ली से आए मुख्य अतिथि रवि पाराशर ने कहा कि दर्द गढ़वाली की गजलें सहज व सरल हैं और वह समाज में घटती घटनाओं को कागज में उतारने का हुनर रखते हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने चार सूत्री मांगों को लेकर क्रमिक धरना किया शुरू

**धरना**

**8 चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां धरने पर बैठी है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठन का अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। साथ सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना दिया जा रहा है। चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां धरने पर बैठी है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।
गुरूवार को जिलाधिकारी चमोली के कार्यालय परिसर में धरना देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष आशा थपलियाल, अनिता नेगी, उमा, सरिता आदि का कहना था कि एक लंबे समय से उनका संगठन मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगाता आ रहा है लेकिन उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। जिससे उनके कार्यकत्रियों में आक्रोश व्याप्त है।
उन्होंने कहा कि जब तक न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी अठारह हजार किया जाय, सीनियर के आधार पन्द्रह वर्ष पूर्ण होने पर मानदेय बढ़ाया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सेवानिवृत्त होने पर दो लाख देने का प्रावधान किया जाय तथा सभी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड जारी किए जाने की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार और धरना जारी रहेगा।
इधर पोखरी तहसील परिसर में मांगों को लेकर धरना दे रही आंगनबाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सरोजनी नेगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना शुरू कर दिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मांग जब तक मांग पूरी नहीं होती अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार और धरना जारी रहेगा।
इस अवसर पर सरोजनी नेगी, दीपा देवी, सुनदेई देवी, जयंती राणा, देवी, नीलम देवी, शान्ति परमार, संगीता भंडारी, सरोज किमोठी, संतोष नेगी, ऊषा देवी, मीना भंडारी, सुशीला, अनिता देवी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब सिंध क्षेत्र इण्टर कालेज ऋषिकेश, लोकसभा निर्वाचन की चुनाव थीम "चुनाव का पर्व देश का गर्व" के अंतर्गत लिखवाए गए शपथ पत्र

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पंजाब सिंध क्षेत्र इण्टर कालेज ऋषिकेश में मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून के आदेशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव थीम "चुनाव का पर्व देश का गर्व" के अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विद्यार्थियों को अपने माता-पिता अभिभावकों से मतदान करने के लिए मतदाता शपथ पत्र लिखवाए गए। इन्हें शुक्रवार तक विद्यालय में जमा करने के लिए भी आदेशित किया गया है । गुरुवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य ललितकिशोर शर्मा ने चुनाव में मतदान के महत्व से सभी को अवगत कराते हुए सभी से "चुनाव का पर्व देश का गर्व" थीम के अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की । इस दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक और छात्र उपस्थित थे।

### हल्द्वानी में बिरयानी की दुकानों पर हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगवाने की मांग को लेकर गौ रक्षकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
वर्तमान में हल्द्वानी शहर के हर क्षेत्र में बिरयानी की दुकानें अधिक मात्रा में खुल गई हैं। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जैसे बाहरी शहरों से आए लोगों की ये अधिकांश दुकानें हिन्दू बहुमूल्य क्षेत्र में संचालित हो रही हैं। इन बिरयानी की दुकानों के संचालक बिरयानी बनाने को हलाल किये गए मांस का उपयोग किया जा रहा है। गौ रक्षक जोगेन्द्र राणा जोगी ने कहा कि वैसे तो जीव हत्या करके मांस का भक्षण करना अत्यंत ही अनुचित है और जीव हत्या हलाल या झटका किसी भी प्रकार से नहीं होना चाहिए, लेकिन यदि कोई हिन्दू मांस का भक्षण करता भी है तो, झटके का करता है। इन सभी बिरयानी की दुकानों में हिन्दुओं को हलाल मांस की बिरयानी बेचकर, उनका धर्म भ्रष्ट करने का कार्य किया जा रहा है, जो कानूनी अपराध भी है। इस आपराधिक कृत्य एवं जिहादी मानसिकता से हम सभी सनातनियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। हमारा सिटी मजिस्ट्रेट से निवेदन है कि हल्द्वानी में सभी बिरयानी की दुकानों पर हलाल प्रमाणिकता का बोर्ड लगवाने एवं मंगलवार को बिरयानी की दुकानों को बन्द कराने और इन सभी दुकानों के संचालक एवं कर्मचारियों का सत्यापन कराया जाए। इससे भविष्य में होने वाली अनहोनी से बचा जा सके। यदि समय रहते इसप र उचित कार्रवाई नहीं होती है तो सभी जागरूक सनातनी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में गौ रक्षक जोगेन्द्र राणा जोगी, चन्दन मलारा, अंकित पाल, देव बिष्ट, दीपांशु पोखरिया, विक्की चौरसिया, गोविन्द सिंह, प्रदीप, रोहित प्रजापति, सुनील, गौरव सुयाल, विनय जोशी, चन्दन बिष्ट, सुरेश सिंह, ललित पलड़िया, हेमचंद्र जोशी, दीपू चिलवाल, गौतम, मुकेश आर्य, भुवम भट्ट व दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### जनपक्षीय पत्रकारिता के लिए मिलेगा बच्चीराम कौंसवाल सम्मान : सतीश धौलाखंडी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जनगीतों के संरक्षण और जन संघर्षों के लिए समर्पित संस्था जन संवाद समिति उत्तराखंड ने अपने संस्थापक अध्यक्ष कॉ. बच्चीराम कौंसवाल की स्मृति में हर वर्ष तीन लोगों की सम्मानित करने की घोषणा की है। यह सम्मान जनपक्षीय साहित्य, जनपक्षीय पत्रकारिता और जन संघर्षों के लिए हर वर्ष एक-एक व्यक्ति को प्रदान किया जाएगा।

# उत्तराखंड : धूप खिलने से दोपहर हुआ गर्म, सर्द हवाओं से सुबह-शाम ठिठुरन



**चारधाम यात्रा**

**8 चारधाम यात्रा एक मई से प्रारंभ होने वाली है। इसको लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने का अनुमान जताया है। इसके अनुसार मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा और चटख धूप खिलेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादलों के बीच हल्का हिमपात हो सकता है। चारधाम समेत तमाम चोटियां बर्फ से ढकी हैं।
मौसम विभाग का कहना है कि मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो सकती है। साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में हिमस्खलन की भी चेतावनी जारी की गई है। गुरुवार को दून में सुबह से ही चटख धूप खिली रही। इससे दोपहर में गर्माहट बढ़ गई है, लेकिन पहाड़ों पर हिमपात के कारण सुबह-शाम सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है। चोटियों पर हिमपात का दौर भी बना हुआ है। चारधाम समेत तमाम ऊंची चोटियां बर्फ से ढकी हुई हैं। भारी बर्फबारी के कारण कई गांवों का संपर्क भी मुख्य मार्गों से कट गया है। चमोली में बद्रीनाथ मार्ग भारी हिमपात के कारण अवरुद्ध है। चारधाम के साथ ही हेमकुंड साहिब, औली, गोरसों, हर्षिल, सुक्की टाप आदि क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जारी है। निचले इलाकों में धूप खिलने से तापमान में भी इजाफा हुआ है।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार गुरुवार से अगले कुछ दिन प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मैदानी क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से तापमान में वृद्धि हो सकती है। आज अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भाजपा पर बरसीं अलका लांबा, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा की ही तरह लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के भी कई नेता उत्तराखंड का दौरा कर रहे हैं।
इसी क्रम में अलका लांबा ने गुरुवार को देहरादून में डबल इंजन की भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए और सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। हल्द्वानी हिंसा का जिक्र करते हुए भी उन्होंने राज्य सरकार को लॉ ऑर्डर के मामले में फेल बताया।

# चारधाम यात्रियों की तैयारियों में जुटा परिवहन विभाग : सुनील शर्मा

**चारधाम यात्रा**

**8 चारधाम यात्रा एक मई से प्रारंभ होने वाली है। इसको लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की चारधाम यात्रा एक मई से प्रारंभ होने वाली है। इसको लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।
इस संबंध में गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि 2024 में होने वाली चार धाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग अपनी तैयारी कर रहा है, जिसके तहत ऑनलाइन सुविधा में चारधाम की वेबसाइट पर जाकर ग्रीन कार्ड और ट्रिप कार्ड की साइट को तैयार कर लिया गया है जैसा कि ओवरलोड होने के कारण वेबसाइट हैंग ना हो जाए।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि चेकिंग के लिए हाईटेक पोस्ट लगाए गए हैं जिसके माध्यम से चेकिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो वाहन ऋषिकेश और हरिद्वार से चलने हैं, उनके यूनियन से वार्ता चल रही है।
यात्रा के लिए जितने वाहन चलने हैं, उसकी सूची निर्धारित हो गई है। एनफोर्समेंट की जो टीम लगेगी,उसकी सूची भी मुख्यालय को भेज दी गई है ताकि कोई भी यात्रा के दौरान अप्रिय घटना ना घटित हो।

# अब राम पथ को राष्ट्रपथ की ओर ले जाएगी भावी पीढ़ी : त्रिवेंद्र

**जयघोष**

**8 - सामाजिक शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति से ही राम मंदिर का हो पाया निर्माण**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि देहरादून से गुरुवार को आस्था ट्रेन भाजपा कार्यकर्ता और शहर के विशिष्ट जनों को लेकर अयोध्या रवाना हुई। इस दौरान रेलवे स्टेशन जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून रेलवे स्टेशन पर रामभक्तों को शुभकामनाएं देने के साथ हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया और रामभक्तों के लिए यह ऐतिहासिक व सौभाग्य का क्षण बताया।
पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि 450 वर्षों तक राजा राम टेंट में रहे। देश ने उस कलंक के टिके को देखा और 1992 में उसी कलंक के टिके को मिटते हुए भी देखा। उन्होंने उन तमाम कार सेवकों को नमन करते हुए कहा कि जिन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन में अपना बलिदान दिया, आज उसका परिणाम सामने हैं। अगर सामाजिक शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं होती तो श्रीराम मंदिर का निर्माण असंभव था।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व भर के करोड़ों सनातनियों, रामभक्तों का सदियों पुराना सपना साकार किया है। राम मंदिर, राष्ट्र मंदिर है। अब भावी पीढ़ी राम पथ को राष्ट्र पथ की ओर ले जाएगी। साउदी में भी दिव्य मंदिर इसका जीता जगता उदाहरण है। इस दौरान टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक कैंट सविता कपूर, निगम मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, यात्रा संयोजक सीताराम भट्ट, गोविंद आदि थे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 299-DRM-MB-23-24 Date 22.02.2024 |
| Name of Work | Heavy Repair/improvement of existing washing lines of MB depot. |
| Tender Closing Date & Time | 18.03.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,14,19,343.63 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,07,100.00 |
| Tender Cost (Rs) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 04.03.2024 |
| Period of Completion | 08 Month |

No. 75-W/2/3/WA/Publication DATED: 22.02.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 580/24

# उत्तराखंड की जेलों में दोगुने कैदी, अल्मोड़ा में कैदियों की संख्या सर्वाधिक



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड जैसे शांत कहे जाने वाले राज्य में भी जेलों में दोगुनी क्षमता के भरे हुए हैं। यह जानकारी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीमउद्दीन को सूचना अधिकार के तहत दी गई है। नदीमउद्दीन ने बताया कि उत्तराखंड की 10 सामान्य जेलों में उसकी क्षमता 3461 से लगभग दोगुने 6603 कैदी बंद हैं। इसके अतिरिक्त सम्पूर्णानन्द शिविर सितारगंज (खुली जेल) में 48 सजायाप्ता कैदी बंद हैं।
सूचना अधिकार कार्यकर्ता ने महानिरीक्षक कारागार (कारागार मुख्यालय) उत्तराखंड से उत्तराखंड राज्य की जेलो में बंदियों की क्षमता तथा वर्तमान में बंद कैदियों की संख्या के सम्बन्ध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में मुख्यालय कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी /प्रशासनिक अधिकारी मनोज खोलिया ने अपने पत्रांक 380 दिनांक 15 फरवरी 2024 से जेलों की क्षमता और बंदियों का विवरण उपलब्ध कराया है। सम्पूर्णानन्द शिविर जेल सितारगंज (खुली जेल) तथा जिला कारागार चमोली के अतिरिक्त सभी जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद है।
नदीमउद्दीन को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार क्षमता से अधिक 347 प्रतिशत कैदी 102 क्षमता वाली जिला कारागार अल्मोड़ा में 354 कैदी हैं। दूसरे स्थान पर क्षमता के 271 प्रतिशत कैदी 555 क्षमता वाली उप कारागार हल्द्वानी में 1502 कैदी है। इसमें तीसरे स्थान पर क्षमता के 258 प्रतिशत कैदी 580 क्षमता वाली जिला कारागार देहरादून में 1499 कैदी बंद है। चौथे स्थान पर क्षमता के 239 प्रतिशत कैदी 71 क्षमता वाली जिला कारागार नैनीताल में 170 कैदी बंद हैं।
पांचवें स्थान पर क्षमता के 180 प्रतिशत कैदी 244 क्षमता वाली रुड़की उप कारागार में 439 कैदी बंद हैं। छठे स्थान पर क्षमता के 151 प्रतिशत कैदी 888 क्षमता वाली जिला कारागार हरिद्वार में 1340 कैदी बंद है। सातवें स्थान पर क्षमता के 146 प्रतिशत कैदी 552 क्षमता वाली केन्द्रीय कारागार सितारगंज में 805 कैदी बंद हैं। आठवें स्थान पर क्षमता के 132 प्रतिशत कैदी 150 क्षमता वाली जिला कारागार टिहरी में 198 कैदी बंद हैं।
नौवें स्थान पर क्षमता के 112 प्रतिशत कैदी 150 क्षमता वाली जिला पौड़ी में 168 कैदी बंद हैं। प्रदेश में केवल दो जेले ही ऐसी है जिसमें निर्धारित स्वीकृत क्षमता से कम कैदी बंद है।
इसमें एक विशेष जेल सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज है जिसमें केवल सजायाप्ता कैदियों को ही रखा गया है। इसकी क्षमता 300 कैदियों की है जबकि इसकी क्षमता के मात्र 16 प्रतिशत 48 कैदी ही इसमें बंद हैं।

## 25 मई से शुरू होगी पवित्र हेमकुंड साहिब की यात्रा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के चमोली जिला स्थित गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से भेंट की। साथ ही उन्हें पवित्र श्री हेमकुंड साहिब के कपाट यानी यात्रा शुरू होने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव रतूड़ी को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट 25 मई से तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का शुभारंभ करेगा और 10 अक्टूबर 2024 को कपाट बंद किए जाने की तिथि घोषणा की है। इस पर राज्य सरकार ने अपनी सहमति दी।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टी आर डी) मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या नं. ई-1-ओटी-आर आर-बीई-24 के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 14.03.2024 15:00 बजे हैं, जो उसी दिन 15:30 बजे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | [illegible] | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| टैंडर बन्द होने की दिनांक एवं समय | 14.03.2024 15:00 बजे | कोकान | इलेक्ट्रिकल (ओपी) |
| एडवेरटाइज्ड वैल्यू | रु.56,40,888.52 [illegible] (@18%) | | |
| धरोहर राशि (रु) | रु. 1,12,800.00/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कांट्रैक्ट टाइप | सक्रिय | कार्य की अवधि | 01 वर्ष (12 माह) |

सं.ई-1-ओटी-आरआर-बीई-24 दिनांक: 20.02.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 587/24

# मुख्यमंत्री ने हेली सेवा को दिखाई हरी झंडी

**उड़ान योजना**

**8 उड़ान योजना के तहत उत्तराखंड में देश की पहली हेली सेवा प्रारंभ की गई है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चंपावत के लिए बहु प्रतीक्षित हेली सेवा शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरूआत की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के तहत उत्तराखंड में देश की पहली हेली सेवा प्रारंभ की गई है। यह सेवा सुलभता के साथ आपदा के समय राहत व बचाव कार्य के लिए प्रभावी साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना काल में जो बाहर चले गए थे, वे अब अपने गांव वापस आ रहे हैं। इस तरह यह सिर्फ हवाई सेवा नहीं, बल्कि रिवर्स पलायन का मार्ग भी है। यही वह मार्ग है, जो पहाड़ों के घरों को पुनः आबाद करेगा तथा गांव में रौनक लौटाएगा।

मानस खंड मंदिर माला मिशन सर्किट धार्मिक यात्रा की राह बनाएगा आसान-
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बनने वाला मानसखंड मंदिर माला मिशन सर्किट सैकड़ों मंदिरों को एक साथ जोड़ते हुए आस्था के सम्मान के साथ धार्मिक यात्रा की राह आसान बनाएगा। इससे देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। सर्किट बनने से चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल समेत अन्य जगह के मंदिरों तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी।
देवभूमि और श्रीराम जन्मभूमि से होगी एयर कनेक्टिविटी-
मुख्यमंत्री धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट से पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर, देहरादून-अयोध्या रूट पर भी एयर कनेक्टिविटी होगी। इस पर काम चल रहा है। पिथौरागढ़ से हेली सेवा के साथ फिक्स विंग कनेक्टिविटी सेवा भी शुरू हो चुका है। अब हिंडन सेवा शुरू करने की तैयारी है।
केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग कराने का अनुरोध-
पंतनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया जाएगा। एनएचएआई को लगभग 190 रुपये प्रदेश सरकार की ओर से जारी कर दी गई है और आठ सौ एकड़ जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी जा चुकी है। सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पंतनगर का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जल्द ही चालू होगा। उत्तराखंड के सभी एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से अनुरोध किया गया है। इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी और काम की तीव्रता भी बढ़ेगी। जल्द ही हल्द्वानी से त्रियुगीनारायण और लैंसडाउन के लिए भी हेली सेवा शुरू करने की तैयारी है।
इससे पर्यटन के साथ आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। हेली सेवा प्रारंभ होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने के लिए नया और बेहतर मार्ग होगा।
जल्द मिलेगा हिमालयन का दर्शन करने का मौका-
उत्तराखंड देश-दुनिया के लिए धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में श्रद्धालुओं-पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार प्रयासरत है।
हेली सेवा के लिए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। रमणीक

# योग महोत्सव का आयोजन 15 से 21 मार्च तक, महाभारत ट्रेल को विकसित करने के निर्देश

**योग महोत्सव**

**8 -महासू देवता के मास्टर प्लान, कण्वाश्रम और योग महोत्सव 2024 की तैयारियों की समीक्षा**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
योग महोत्सव का आयोजन इस बार 15 मार्च से 21 मार्च तक किया जाएगा। इसमें प्रख्यात योगाचार्यों की ओर से प्रशिक्षण देने के साथ-साथ बरसाने की फूलों की होली का प्रस्तुतिकरण और उच्च स्तरीय कलाकारों के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
गुरुवार को गढ़ी कैंट स्थित पर्यटन विकास परिषद में पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने



महासू मास्टर प्लान, कण्वाश्रम एवं योग महोत्सव 2024 की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।
महाराज ने बैठक के दौरान अधिकारियों से महासू देवता के मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के साथ-साथ मंदिर परिसर को सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और सड़कों की कनेक्टिविटी के उचित प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लाखामंडल में लाक्षागृह का एक मॉडल बनाने के अलावा केदारनाथ तक महाभारत ट्रेल को विकसित करने को भी कहा जिससे वहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ सकें। मंत्री महाराज ने कण्वाश्रम को पौराणिक ग्रंथों के अनुरूप विकसित करने के साथ-साथ कण्वाश्रम में हस्तिनापुर के राजा दुष्यन्त और शकुंतला के दृश्यों को प्रदर्शित करने और उसे बौद्धिक, सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिए।
मंत्री महाराज ने बैठक के दौरान योग महोत्सव 2024 की तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ जनपद रुद्रप्रयाग के चोपता में हट्स बनाने पर अदालत की ओर से लगाई गई रोक और नंदा देवी ट्रैकिंग और बुग्यालों में ट्रैकिंग पर लगी रोक को हटवाने के लिए भी कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने बनभूलपुरा क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियां और आमजनता के साथ की बैठक

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों से मुलाकात के दौरान कहा कि यह गंगा-जमुना तहजीब का इलाका है। उन्होंने इस इलाके में अमन और शान्ति कायम करने में क्षेत्रीय अवाम से अपील की।
सर्किट हाउस काठगोदाम में बनभूलपुरा क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियां एवं आमजनता से सुझाव लिये और कहा कि इस क्षेत्र में अमन बहाल रहे। आपसी भाईचारा हो, सुख से रहें, सुरक्षित रहें। अल्पसंख्यक आयोग ने सभी के साथ विचार विमर्श किया और सहयोग करने की अपील की।
उन्होंने कहा कि प्रशासन व पुलिस सभी का सहयोग कर रहा है और किया जायेगा। बैठक में स्थानीय लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही जो लोग इस घटना के अपराधी है, उन्हें सजा अवश्य दिलाई जाए। लोगों ने कहा कि यह सामप्रदायिक घटना नही हैं जो लोग इस कुकृत्य में शामिल हैं, उन्हें सजा अवश्य मिले। कुछ लोगों ने कहा कि असामाजिक तत्वों का विरोध होना चाहिए, जिन्होंने हल्द्वानी शहर की फिजां को नापाक किया है, उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। लोगों ने सुझाव दिया की किसी भी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए। कुछ लोगों ने क्षेत्र में प्रशासन के चलाए गए राहत अभियान की भी सराहना की।
अध्यक्ष लालपुरा ने कहा इस प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए संगठनों, बुद्विजीवी लोगों से संवाद कर अवाम के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल बनाना होगा। शहर की शान्ति को उसी पटरी पर लाना होगा। उन्होंने कहा कि आयोग सभी की बातों का संज्ञान लेकर शीघ्र ही कार्रवाई पर अमल करेगा। देश में सबका साथ सबका विकास किया जा रहा है, इसलिए कोई अल्पसंख्यक यह न समझे कि उनका विकास नहीं हो रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही हैं।
बैठक में जिलाधिकारी वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एपी बाजपेयी, एएसपी हरबंश सिंह, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा के साथ ही महबूब अली, इसरार, कैलाश जोशी, फिरदोश, इस्लाम हुसैन, बासित खान, राजा कमाल, जहीर अंसारी, रउफ, मो. अंसारी के साथ ही धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधि एवं जनता ने अपने विचार रखे।

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने बनभूलपुरा क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियां और आमजनता के साथ की बैठक

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों से मुलाकात के दौरान कहा कि यह गंगा-जमुना तहजीब का इलाका है। उन्होंने इस इलाके में अमन और शान्ति कायम करने में क्षेत्रीय अवाम से अपील की।
सर्किट हाउस काठगोदाम में बनभूलपुरा क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियां एवं आमजनता से सुझाव लिये और कहा कि इस क्षेत्र में अमन बहाल रहे। आपसी भाईचारा हो, सुख से रहें, सुरक्षित रहें। अल्पसंख्यक आयोग ने सभी के साथ विचार विमर्श किया और सहयोग करने की अपील की।
उन्होंने कहा कि प्रशासन व पुलिस सभी का सहयोग कर रहा है और किया जायेगा। बैठक में स्थानीय लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। साथ ही जो लोग इस घटना के अपराधी है, उन्हें सजा अवश्य दिलाई जाए। लोगों ने कहा कि यह सामप्रदायिक घटना नही हैं जो लोग इस कुकृत्य में शामिल हैं, उन्हें सजा अवश्य मिले। कुछ लोगों ने कहा कि असामाजिक तत्वों का विरोध होना चाहिए, जिन्होंने हल्द्वानी शहर की फिजां को नापाक किया है, उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। लोगों ने सुझाव दिया की किसी भी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए। कुछ लोगों ने क्षेत्र में प्रशासन के चलाए गए राहत अभियान की भी सराहना की। अध्यक्ष लालपुरा ने कहा इस प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए संगठनों, बुद्विजीवी लोगों से संवाद कर अवाम के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल बनाना होगा। शहर की शान्ति को उसी पटरी पर लाना होगा। उन्होंने कहा कि आयोग सभी की बातों का संज्ञान लेकर शीघ्र ही कार्रवाई पर अमल करेगा।

### होटल से एलईडी टीवी लेकर भागे पर्यटक

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के एक होटल में आये पर्यटकों का होटल से एलईडी टीवी लेकर भागने का मामला प्रकाश में आया है। अलबत्ता, होटल कर्मियों की सतर्कता से दोनों को नगर से भागने से पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया। ऊधमसिंह नगर के किच्छा क्षेत्र निवासी दो युवक नगर के तल्लीताल स्थित एक होटल में कमरा किराये पर लेकर रह रहे थे। यहां से वह बिना किसी को बताए चले गए। शंका होने पर जब होटल कर्मियों ने कमरे में जाकर देखा तो वहां दीवार पर लगा एलईडी टीवी गायब था। होटल कर्मियों ने मामले की जानकारी पुलिस को देने के साथ दोनों युवकों की खोजबीन शुरू की।

# कार्यशाला में सड़क सुरक्षा को लेकर दिया गया माड्यूल प्रशिक्षण

**कार्यशाला**

**8 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नई टिहरी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का समापन हुआ**



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नई टिहरी में तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। कार्यशाला में एससीईआरटी के विकसित सड़क सुरक्षा नियमों पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण साहित्य के 9 मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया।
कार्यशाला में जनपद टिहरी के सभी विकास खण्डों से प्रारंभिक शिक्षा से जुड़े पांच-पांच अध्यापकों तथा संस्थान के डीएलएड के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला में सड़क सुरक्षा आवश्यकता एवं महत्व, सड़क संकेतक, यातायात के नियम, सड़क के प्रकार तथा अंकन, वाहन चालकों के लिए सावधानियां, दुर्घटना कारण एवं बचाव, कर्तव्य एवं प्रयास, मोटर वाहन अधिनियम 1988 संशोधन 2019 वाहन पंजीयन एवं चालक लाइसेंस, सड़क सुरक्षा शपथ तथा विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन, यातायात के नियमों का पालन न करने पर संशोधित दंड की भी विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।
कार्यशाला में एआरटीओ विनोद कुमार व वाहन प्रवर्तन अधिकारी संजय तिवारी ने भी सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में एससीईआरटी से इस कार्यक्रम के राज्य समन्वयक विनय थपलियाल तथा अखिलेश डोभाल ने कार्यशाला में आकर सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम की आवश्यकता क्यों है और आज यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम क्यों बन गया है, के बारे में बताया। मुख्य संदर्भदाता के रूप में डॉ वीर सिंह रावत, राजेंद्र प्रसाद बडोनी तथा राजेंद्र सिंह रुकमणी कार्यशाला को पोषित किया।
संदर्भ दाताओं ने प्रतिभागियों को बताया कि रोड एक्सीडेंट में प्रतिवर्ष और प्रतिदिन मरने वालों की संख्या भारत में पूरे विश्व में सबसे अधिक होती है। इस संवेदनशील मुद्दे पर सभी प्रतिभागी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जाकर जागरूकता का काम करेंगे, जिससे सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। सभी प्रतिभागियों को गुड सेमेरिटन बनने तथा गोल्डन समय में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की मदद करने में आगे आने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा।

# बर्फबारी : गंगोत्री हाईवे तीन दिन से बंद

**आवाजाही**

**8 आज धराली तक आवाजाही सुचारू की गई है। लेकिन गंगोत्री तक रास्ता खोलने में अभी समय लगेगा।**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
बर्फबारी के कारण बंद गंगोत्री हाईवे तीन दिन बाद भी नहीं खुल सका है। आज भी बीआरओ की टीम गंगोत्री तक हाईवे खोलने में जुटी है। बुधवार को सुक्की टॉप तक आवाजाही शुरू होने से स्थानीय लोगों को थोड़ा राहत मिली थी। आज धराली तक आवाजाही सुचारू की गई है। लेकिन गंगोत्री तक रास्ता खोलने में अभी समय लगेगा।
वहीं, पाले के कारण आवाजाही में अभी भी खतरा बना हुआ है। हाईवे बंद होने से उपला टकनौर के सात गांव सहित गंगोत्री और अंतराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा है।
बता दें कि बीते सोमवार देर रात हुई बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक करीब सुबह छह बजे बंद हो गया था। उसके बाद से बॉर्डर रोड ऑर्गनाईजेशन की मशीनरी लगातार हाईवे को सुचारू करने का प्रयास कर रही है।

### नगर निगम ने अब्दुल और साफिया मलिक सहित कई के खिलाफ दी तहरीर

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की तलाश लगातार जारी है। अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक पर एक और मुकदमा दर्ज हो गया है, ये मुकदमा सरकार की 13 बीघा से अधिक जमीन को षड्यंत्र से खुर्द-बुर्द करने का है।
बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक पर भी नगर निगम ने एफआईआर दर्ज कराई है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक और अन्य कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# चुनावी शंकाओं को प्रशिक्षण से दूर करें कार्मिक-एडीएम मिश्रा

## -निर्वाचन ड्यूटी का निर्वहन करने की अपील



**बैठक**

**8 इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्यों का दायित्व एक महत्वपूर्ण दायित्व है**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोक सभा चुनावों को लेकर एईओ, वीएसटी, वीवीटी तथा एटी टीमों की बैठक उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम केके मिश्रा ने जिला सभागार में ली। बैठक में प्रेक्षण कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया।
गुरुवार को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराये जाने को लेकर एडीएम ने सहायक व्यय प्रेक्षक (एईओ), वीडियो निगरानी टीम (वीएसटी), वीडियो अवलोकन टीम (वीवीटी) और लेखा एवं उड़ान दस्ते दल को मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण देकर कार्मिकों को आवंटित कार्यों की समीक्षा की।
इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्यों का दायित्व एक महत्वपूर्ण दायित्व है। इसमें जिस कार्मिक को जो दायित्व मिला है। वह उसका निर्वह्न ईमानदारी पूर्वक व निर्भीक होकर करे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कोई भी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर से पूछ कर कर लिया जाये।
मास्टर ट्रेनर डीपीआरओ एमएम खान, सीवीओ अशुतोष जोशी, वरिष्ठ कोषाधिकारी टीएस रमोला, कोषाधिकारी नरेन्द्रनगर दीपिका चौहान ने सभी दलों के कार्मिकों मौके पर ही प्रशिक्षण दिया।
इस अवसर पर एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, एटीओ देवेन्द्र सिंह चौहान, कैलाश रमोला, मनोज लखेड़ा, जितेन्द्र सहित कोषागार से जुड़े कार्मिक तथा विभिन्न दलों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# भाजपा कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है: महेंद्र भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो कहने में ही नहीं करने में विश्वास रखता है। मोदी की गारंटी पूरी तरह पूरे विश्व में प्रचलित है। हम हर वादे को पूरा करते हैं। वे गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने मीडिया के पूछे गए सवालों का जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो कहने में ही नहीं करने में विश्वास रखता है। उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष दो दिवसीय प्रवास पर हैं। उन्होंने सांगठनिक अधिकारियों और



विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित संयोजकों से समीक्षा बैठक की। 28 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रवास कुमाऊं में होने वाला है। वह हरिद्वार और देहरादून में भी बैठकों को संबोधित करेंगे।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मातृ शक्ति को अग्रसर करने वाला राजनीतिक दल है। चाहे आरक्षण हो या मातृ शक्ति के सुदृढ़ीकरण की व्यवस्थाएं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुई है। नारी वंदन कार्यक्रम और लखपति दीदी समेत तमाम आयोजन इसी के प्रतीक हैं।
कांग्रेस के लगाए गए आरोपों पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस केवल प्रचार में रहने के लिए अनावश्यक आरोप लगाती है। उनके आरोपों में कोई सत्यता नहीं है। कांग्रेस नाटक करने में माहिर है और वही नाटक यहां भी कर रही है। विधानसभा सत्र देहरादून में आयोजित होने के संबंध में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के मौन व्रत रखने के कार्यक्रम पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरीश रावत को पहले अपने उन विधायकों से पूछना चाहिए, जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है।
हरीश को अपने विधायकों पर कार्यवाही करनी चाहिए, जो दल मुद्दाविहीन हो जाते हैं। वह इस तरह का मुद्दा उठाकर श्रेय लेना चाहते हैं। कांग्रेस के गैरसैंण में प्रतीकात्मक विधानसभा चलाए जाने के प्रश्न पर भट्ट ने कहा कि कांग्रेस अपने विधायकों पर अंकुश लगाएं। इस तरह के नाटक से कोई लाभ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार जनता से जुड़ी रहती है और जनता की समस्याओं को हल करने का प्रयास करती है। हमने अपने बूथों का वर्गीकरण किया है। इसके माध्यम से कमजोर बूथों को और प्रभावी बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिन बूथों में हारे थे उन पर जीत के साथ 10 प्रतिशत अतिरिक्त मत लाने के लिए कार्यकताओं को प्रेरित कर रहे हैं।

# शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षिका कुसुमलता का किया सम्मान

**सम्मान**

**8 -राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय वीणा के वार्षिक उत्सव में शिक्षिका का हुआ सम्मान**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षिका कुसुमलता गडिया का गुरुवार को चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय वीणा में आयोजित वार्षिक उत्सव में ग्रामीणों ने सम्मानित किया। लोगो ने शिक्षिका का बेटी की तरह स्वागत किया। ग्रामीणों ने शिक्षिका की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे बच्चो को बेहतर शिक्षा मिल रही है।
गौरतलब है कि सीमांत जनपद चमोली के पोखरी ब्लॉक के राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय वीणा की शिक्षिका कुसुमलता गडिया का भी चयन शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2023 के लिए हुआ है। राज्य में शिक्षा के उन्नयन एवं गुणात्मक सुधार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 शिक्षकों को ह्रशैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2023ह्न मिलेगा। प्रारम्भिक शिक्षा के 11 शिक्षकों, माध्यमिक के पांच और प्रशिक्षण संस्थान के एक शिक्षक को ये सम्मान मिलेगा। शिक्षा का वीणा मॉडल आज लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। शिक्षिका के भगीरथ प्रयासों, जिद्द, जुनून, मेहनत और ललक नें शिक्षा के मंदिर की तस्वीर बदल कर रख दी है।
गुरुवार को विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजिन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये साथ ही गांव की महिला मंगल दलों में भी कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।
इस अवसर पर अध्यापिका वीणा पाणी, उर्मिला रावत, राकेश त्रिपाठी, शोभा भण्डारी, प्रधानाध्यापक राउमावि वीणा राकेश चंद चमोली, जीत सिंह रावत, दीपक कण्डारी, मुकेश भट्ट, सुमित चैधरी, वीणा तल्ला प्रधान मदन सिंह, महिला मंगल दल अध्यक्ष शोभा देवी, अध्यक्ष रंजना देवी, कुंवर सिंह, सिताब सिंह, देवेश्वरी देवी, कुंवर सिंह, कपिल देव आदि मौजूद थे।

# कूटा ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को एक अरब रुपये का अनुदान मिलने पर जतायी खुशी

**उपलब्धि**

**8 यह उपलब्धि अभूतपूर्व है, जिसमें कुलपति प्रो. रावत की मेहनत एवं प्रयास महत्वपूर्ण हैं।**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ-कूटा ने ह्यबहु विषयक शिक्षा और अनुसंधानह्व के लिये कुमाऊ विश्वविद्यालय का चयन होने एवं अनुदान के रूप में एक अरब रुपये की धनराशि की स्वीकृति मिलने पर खुशी व्यक्त की है तथा इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत के प्रयासों की सराहना की है।शिक्षक संघ ने कहा की यह उपलब्धि अभूतपूर्व है, जिसमें कुलपति प्रो. रावत की मेहनत एवं प्रयास महत्वपूर्ण हैं। जब से प्रो. रावत कुलपति पद पर आए हैं तब से कुमाऊं विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की है। कूटा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रक्षा एवं पर्यटन मंत्री राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।आभार ज्ञापन और बधाई देने वालों में कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, महासचिव डॉ.विजय कुमार, उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल, डॉ.दीपक कुमार, उपसचिव डॉ.संतोष कुमार, डॉ.दीपाक्षी जोशी, डॉ.दीपिका गोस्वामी, प्रो.अनिल बिष्ट, डॉ.उमंग सैनी, डॉ.पैनी जोशी, डॉ.सीमा चौहान, डॉ.दीपिका पंत, डॉ.नागेंद्र शर्मा, डॉ.युगल जोशी व डॉ.रितेश साह आदि शामिल हैं। कूटा ने मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित होने वाले परियोजना निदेशकों प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. शिरीष मौर्य, डॉ.कपिल खुल्बे, डॉ.संतोष उपाध्याय को बधाई दी।

## नो बॉल को लेकर अंपायर पर भड़के वानिंदु हसरंगा, कहा- आप ये नहीं देख सकते तो दूसरी जॉब देखो

**नई दिल्ली.** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आखिरी मुकाबला उस समय विवादों में आ गया, जब स्क्वॉयर लेग अंपायर ने श्रीलंका की पारी के आखिरी ओवर में एक नो बॉल को लीगल डिलीवरी करार दिया। गेंद को देखकर आसानी से कहा जा सकता था कि ये हाइट की नो बॉल थी, लेकिन अंपायर ने इसे लीगल करार दिया और खामियाजा श्रीलंका ने भुगता, क्योंकि टीम को तीन रनों से हार मिली। वहीं, मैच के बाद श्रीलंका की टी20 टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने अंपायर पर निशाना साधा और उनको नई जॉब तलाशने के लिए कहा। वानिंदु हसरंगा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अंपायर लिंडन हैनिबल को दूसरी नौकरी ढूंढनी चाहिए, क्योंकि दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में रोमांचक मोड़ पर खड़े मैच के आखिरी ओवर के दौरान हैनिबल ने हाई फुलटॉस को लीगल डिलीवरी माना था। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज वफादार मोमंद की गेंद कामिंदु मेंडिस की कमर के ऊपर से गई थी। बल्लेबाज ने थोड़ा सा आगे निकलकर खेलने की कोशिश जरूर की, लेकिन आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन्स के मुताबिक, अगर वे पोपिंग क्रीज में सीधे भी खड़े होते तो भी गेंद नो बॉल ही दी जानी थी। हसरंगा ने मैच के बाद कहा, इंटरनेशनल मैच में इस तरह की बात नहीं होनी चाहिए। यदि यह (कमर की ऊंचाई के करीब) होता, तो कोई समस्या नहीं हो, लेकिन जो गेंद इतनी ऊपर जा रही है... अगर वह थोड़ी ऊपर जाती तो बल्लेबाज के सिर पर लगती। यदि आप यह नहीं देख सकते है, तो वह अंपायर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए उपयुक्त नहीं है। अगर वह कोई दूसरा काम करता तो ज्यादा अच्छा होता। जब ऐसा हुआ तब श्रीलंका को आखिरी तीन गेंदों पर 11 रनों की जरूरत थी। चूंकि डिलीवरी को वैध माना गया तो उन्हें अंतिम दो में 11 रनों की आवश्यकता थी।अगली गेंद वाइड रही, जबकि पांचवीं गेंद पर कोई रन नहीं बना। आखिरी गेंद पर छक्का लगा, लेकिन श्रीलंका को तीन रनों से हार मिली। अगर वह गेंद नो बॉल होती तो शायद मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था, क्योंकि उस गेंद पर टीम को एक रन मिलता और अगली गेंद फ्री हिट होती तो वहां बल्लेबाज के आउट होने के चांस ना के बराबर होते।

## विराट कोहली या बाबर आजम किसकी कप्तानी में खेलना चाहेंगे मोहम्मद आमिर? जवाब जीत लेगा दिल

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भारतीय क्रिकेटरों से कुछ ज्यादा ही लगाव है, खासकर विराट कोहली और रोहित शर्मा से। वाइपर्स स्ट्रेट अप विद मलिक शो में मोहम्मद आमिर और शाहीन अफरीदी एक एपिसोड में साथ आए और शोएब मलिक के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक सवाल ऐसा था, जिस पर मोहम्मद आमिर का जवाब इंडियन क्रिकेट फैन्स को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। मोहम्मद आमिर से जब पूछा गया कि किसकी



कप्तानी में खेलना बेहतर है विराट कोहली या बाबर आजम? तो इस पर उन्होंने विराट का नाम लिया, हालांकि आमिर कभी भी विराट की कप्तानी में खेले नहीं हैं। इसके अलावा कवर ड्राइव को लेकर जब पूछा गया कि दोनों में से बेहतर कवर ड्राइव कौन खेलता है, तो इस पर भी आमिर का जवाब विराट कोहली ही था, हालांकि शाहीन ने बाबर का नाम लिया और इस पर आमिर का रिएक्शन भी खूब वायरल हुआ था।

मोहम्मद आमिर ने अपनी पसंदीदा फ्रेंचाइजी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को बताया। इसके अलावा शोएब मलिक ने जब पूछा कि रोहित शर्मा का पुल शॉट या मोहम्मद रिजवान का फ्लिक शॉट? इस पर जैसे ही शाहीन अफरीदी ने जवाब देना शुरू किया कि दोनों शॉट अलग हैं, तो तुरंत आमिर ने उन्हें बीच में ही रोक दिया और कहा कि सच बोलो। रोहित शर्मा पुल शॉट इतने प्यार से मारते हैं। वो तेज गेंदबाज को भी पुल ऐसे मारते हैं, जैसे उनके पास कितना टाइम हो।

## क्या विराट कोहली पांचवें टेस्ट के लिए करेंगे भारतीय स्क्वॉड में वापसी? अकाय कोहली के जन्म के बाद क्यों आ रही हैं ऐसी खबरें

**नई दिल्ली.एजेंसी**

विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए जब स्क्वॉड का ऐलान किया गया था, तब विराट कोहली इसका हिस्सा थे। इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से पर्सनल लीव मांगी और पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए। आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए स्क्वॉड के ऐलान से पहले लगातार चर्चा हो रही थी कि क्या विराट की वापसी होगी? विराट ने अपनी छुट्टी बढ़ाई और वह बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से भी बाहर हो गए। विराट कोहली दूसरी बार पिता बने हैं, 15 फरवरी को अनुष्का शर्मा ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम अकाय कोहली रखा गया है। सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाना है और इसमें विराट की वापसी मुश्किल है, लेकिन अब खबर ये आ रही है कि वह पांचवें टेस्ट में स्क्वॉड में वापसी कर सकते हैं। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। क्या विराट कोहली धर्मशाला टेस्ट मैच खेलने के लिए टीम में वापसी करेंगे?



## बेन स्टोक्स रांची की पिच को देखकर हैरान, बोले- मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स रांची में भारत के खिलाफ आगामी चौथे टेस्ट की पिच से हैरान दिखे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह कैसा बर्ताव करेगी। 32 वर्षीय ऑलराउंडर ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रैक पर बहुत सारी घास है। हालांकि, जब करीब से देखा तो वहां काफी दरारें थीं। हैदराबाद में सीरीज के पहले टेस्ट की पिच में काफी टर्न था। हालांकि, विशाखापट्टनम और राजकोट में अगले दो मैचों के लिए पिच काफी हद तक सही थी। इन दोनों मैचों में काफी रन बने, लेकिन बैजबॉल यहां फेल रही। पिछले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने सीरीज में पहली बार दो तेज गेंदबाजों को मौका दिया, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि वे रांची में किस संयोजन के साथ जाते हैं। चौथे टेस्ट से पहले बीबीसी स्पोर्ट से बात करते हुए स्टोक्स ने पिच के बारे में ये दावा किया, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। मुझे कोई अंदाजा नहीं है, इसलिए मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं तो यह उससे बिल्कुल अलग दिखता है, जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में।



उन्होंने आगे बताया, +चेंजिंग रूम से यह हरा और घास वाला दिखता था, लेकिन फिर आप वहां जाते हैं तो यह अलग दिखता है। बहुत डार्क और टेढ़ा-मेढ़ा और इसमें काफी दरारें थीं।

इंग्लैंड की टीम ने हैदराबाद में पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 28 रन से जीता, लेकिन इसके बाद वाइजैग और राजकोट में इंग्लैंड को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस तरह अब भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है और सीरीज के अभी भी दो मुकाबले बाकी हैं। भारतीय टीम रांची में ही सीरीज पर कब्जा करने के प्रयास से उतरेगी, जबकि इंग्लैंड की टीम वापसी करना चाहेगी।

## कश्मीर में क्रिकेट खेलते नजर आए सचिन तेंदुलकर, सड़क को बना दिया मैदान



**नई दिल्ली.एजेंसी** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का एक और वीडियो उनकी कश्मीर विजिट का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सचिन तेंदुलकर कश्मीर में क्रिकेट खेलते नजर आए। उन्होंने सड़क को ही क्रिकेट का मैदान बना दिया। उनके साथ दर्जनों बच्चे थे, जो वहां क्रिकेट खेल रहे थे। सचिन तेंदुलकर से भी रुका नहीं गया और वे सड़क पर ही क्रिकेट खेलते हुए दिखाई दिए। अक्सर सचिन तेंदुलकर ऐसा करते रहते हैं।सचिन तेंदुलकर हाल ही में एक कश्मीर में एक बैट फैक्ट्री में भी बल्ले देखते हुए नजर आए थे। उनकी बेटी सारा भी उनके साथ थी। सचिन तेंदुलकर ने इसके बाद गुलमर्ग में बच्चों के साथ क्रिकेट खेली। इसी दौरान का एक और वीडियो सामने आया था, जिसमें सचिन तेंदुलकर एक इंडिगो की फ्लाइट में एंट्री करते हैं तो लोग उनके लिए तालियां बजाते हुए नजर आते हैं और सचिन...सचिन...करते सुनाई पड़ते हैं। फिलहाल, आप यहां क्रिकेट खेलने का वीडियो देखिए।बता दें कि सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट छोड़े एक दशक से भी ज्यादा समय हो गया है। सचिन तेंदुलकर अब लीजेंड्स लीग में खेलते हुए नजर आते हैं। आज भी क्रिकेट के मैदान पर सचिन उतरते हैं तो लोग सचिन...सचिन पुकारते नजर आते हैं।

सचिन का क्रेज आज भी इस खेल के दिवानों में कम नहीं है। सचिन भी इस खेल को प्यार करते हैं। यही कारण है कि सचिन तेंदुलकर को वही प्यार फैंस से भी मिलता है।सचिन अक्सर अलग-अलग वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी शेयर करते रहते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 शतक जड़ने वाले सचिन तेंदुलकर ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें एक फैन उनके नाम की जर्सी पहने नजर आया था।

# यशस्वी जायसवाल ने 5.4 करोड़ में मुंबई में खरीदा सपनों का घर

## कभी टेंट में गुजारते थे रात

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल ने क्रिकेट के मैदान पर आग लगाई हुई है। महज 22 साल की उम्र में उन्होंने 22 साल के अनुभव वाले जेम्स एंडरसन की धुलाई की। वे इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में लगातार दो दोहरे शतक जड़ने में सफल हुए हैं। इस बीच उनसे जुड़ी एक और खबर सामने आई है कि यशस्वी जायसवाल ने मुंबई में करीब साढ़े 5 करोड़ रुपये का एक फ्लैट खरीदा है।

यशस्वी जायसवाल ने एक्स बीकेसी में 5.4 करोड़ रुपये में एक अपार्टमेंट खरीदा है। टीओआई की मानें तो लियासेस फोरास को प्राप्त रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, बांद्रा (ईस्ट) भवन के विंग 3 में 1,100 वर्ग फुट का फ्लैट 7 जनवरी को पंजीकृत किया गया था। यह सौदा 48,499 रुपये प्रति वर्ग फुट पर हुआ। इस फ्लैट को खरीदने की बात काफी समय से चल रही थी। टेस्ट डेब्यू के समय ही वे इसमें शिफ्ट को लेकर उत्साहित थे। आपको बता दें, एक समय ऐसा भी था जब वे मुंबई में एक



छोटे बच्चे की तरह आए थे और आजाद मैदान में एक टेंट में रहते थे। वे यूपी के बदोही जिले के एक गांव के रहने वाले हैं। अपने क्रिकेट के सपनों को पंख देने के लिए वे मुंबई आए और उनको वहां एक कोच मिला। इतना ही नहीं, एक समय पर वे एक पानी पूरी बेचने वाले हॉकर की मदद भी करते थे। अक्सर उनकी वह तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं।

पिछले रविवार को बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को 434 रनों से मिली जीत में दोहरा शतक जड़ा। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़े। वे एक पारी में 12 छक्के जड़ने वाले दुनिया के दूसरे और भारत के पहले क्रिकेटर बने। जायसवाल ने 2020 अंडर 19 विश्व कप से ही अपना दबदबा बनाया हुआ। वे राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल खेल चुके हैं। उनको 2.4 करोड़ में टीम ने खरीदा था।

### रांची टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 का ऐलान, टीम में किए ये 2 अहम बदलाव

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंग्लैंड की टीम में दो बदलाव देखने को मिले हैं। गुरुवार 22 फरवरी की दोपहर को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड यानी ईसीबी ने रांची में खेले जाने वाले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। 2-1 से सीरीज में पिछड़ चुकी इंग्लैंड की टीम में दो बदलाव हुए हैं। मार्क वुड और रेहान अहमद को ड्रॉप किया गया है, जबकि उनकी जगह ओली रॉबिन्सन और शोएब बशीर खेलने वाले हैं। माना जा रहा था कि लगातार तीन मैचों में फ्लॉप रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को ड्रॉप किया जा सकता है और उनकी जगह एक अतिरिक्त स्पिनर या फिर डैन लॉरेंस को खिलाया जा सकता है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट, कप्तान और कोच ने अपने अनुभवी बल्लेबाज पर भरोसा जताया है। ऐसे में जॉनी बेयरस्टो को भी अपना योगदान चौथे मुकाबले में देना होगा, क्योंकि टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की टीम पहले ही पिछड़ चुकी है और एक और हार टीम को सीरीज हरा देगी।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टली, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

## क्या श्रेयस अय्यर कर रहे बहानेबाजी? NCA ने बताया फिट, फिर भी नहीं खेल रहे रणजी ट्रॉफी

क्या श्रेयस अय्यर आईपीएल 2024 से पहले बहानेबाजी कर रहे हैं। उनको **NCA** ने फिट बताया है, लेकिन फिर भी वे रणजी ट्रॉफी का क्वॉर्टर फाइनल मैच मुंबई के लिए नहीं खेलेंगे। उनको बैक पेन कारण बताया है।




**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने एक दिन पहले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को यह सूचना दी है कि वह रणजी ट्रॉफी 2024 के क्वॉर्टर फाइनल्स के लिए उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि उनको पीठ दर्द है। वहीं, नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए के हेड ऑफ स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिकल नितिन पटेल ने चयनकर्ताओं को भेजे एक ईमेल में बताया था कि श्रेयस अय्यर फिट हैं और उनको कोई नई चोट नहीं है। ऐसे में उनको खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए था। मुंबई क्रिकेट संघ के सूत्रों के मुताबिक, श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार से शुरू होने वाले बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल मैच से बाहर होने का कारण पीठ दर्द बताया था, लेकिन द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नितिन पटेल ने अपने ईमेल में लिखा,इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम की हैंडओवर रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर फिट थे और चयन के लिए उपलब्ध थे। टीम इंडिया से उनके जाने के बाद फिलहाल किसी ताजा चोट की खबर नहीं है।पिछले सप्ताह बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित और भारत ए क्रिकेटरों को चेतावनी दी थी कि घरेलू क्रिकेट में भाग ना लेने पर इसके गंभीर प्रभाव होंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने बीसीसीआई की मेडिकल टीम से इनपुट लेने के बाद श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए कहा ताकि उनकी पीठ को बल्लेबाजी और लंबे समय तक मैदान पर रहने के तनाव की आदत हो जाए। हालांकि, श्रेयस ने रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के पीछे बैक पेन कारण बताया है।अगले महीने से आईपीएल 2024 की शुरुआत हो रही है। ऐसे में श्रेयस अय्यर शायद उस टूर्नामेंट के लिए फिट रहना चाहते हैं। शायद यही वजह है कि वह पूरी तरह फिट होकर भी रणजी ट्रॉफी में उतरने के लिए तैयार नहीं है। श्रेयस अय्यर चोट के कारण पिछला सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए नहीं खेल पाए थे। ऐसे में वह चाहेंगे कि इस बार पूरी तरह फिट होकर वह टीम में लौटें और टीम की कप्तानी करें।

## बाबर आजम के जबरा फैन ने तोड़ीं सारी सीमाएं, मैदान पर जाकर अपने चहेते बल्लेबाज को किया हग

पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम के एक जबरा फैन ने पीएसएल 2024 के दौरान सारी सीमाएं तोड़ दी। उसने मैदान पर जाकर बल्लेबाज को हग किया। इसके बाद उसे बाबर आजम ने मैदान से बाहर भेज दिया।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान के धाकड़ बल्लेबाज बाबर आजम की फैन फॉलोइंग काफी है। जिस तरह विराट कोहली और रोहित शर्मा से मिलने के लिए फैंस मैदान पर पहुंच जाते हैं। उसी तरह बाबर आजम के साथ भी ऐसा होता आ रहा है। पाकिस्तान के इस बल्लेबाज का एक जबरा फैन पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल के दौरान नजर आया।

उस फैन ने सारी सीमाएं तोड़ दीं और वह मैदान पर अपने चहेते क्रिकेटर से मिलने पहुंच गया। दरअसल, पीएसएल के कराची किंग्स बनाम पेशावर जाल्मी मैच के दौरान बाबर आजम जब फील्डिंग कर रहे थे तो एक फैन स्टेडियम से निकला। पहले उसने स्टेडियम और मैदान के बीच में लगी रैलिंग को क्रॉस किया और फिर एडवरटाइजिंग बोर्ड्स को पार करते हुए मैदान की तरफ दौड़ा। ये शख्स सीधा बाबर आजम की तरफ दौड़ा और बाबर भी रुक गए और उन्होंने अपने इस फैन से मुलाकात की ओर उसे वापस भेजा।

हैरान करने वाली बात ये रही कि इस फैन को रोकने के लिए कोई भी सुरक्षाकर्मी मैदान की ओर नहीं दौड़ा। इस फैन को उन्होंने वापस आते हुए पकड़ा। भारत में भी कई बार ऐसा हो चुका है, जब कोई फैन जबरदस्ती मैदान में घुस जाता है। हालांकि, अब भारत में नियम इसको लेकर बना दिए हैं और इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होती हैं और उन्हें कुछ दिन हवालात में बंद रखा जाता है।

बाबर आजम की बात करें तो वे पेशावर जाल्मी के कप्तान हैं। दोनों मैचों में एक बल्लेबाज के तौर पर बाबर आजम सफल रहे हैं, लेकिन दोनों मैचों में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

पहले मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स से टीम को हार मिली थी, जबकि दूसरे मैच में कराची किंग्स ने बाबर आजम की कप्तानी वाली पेशावर जाल्मी टीम को रौंद दिया। दोनों मैचों में बाबर आजम ने ओपनर के तौर पर अर्धशतक जड़ा।

